राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर 302015

टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2941098, ई–मेल : **rajscoutguide@rajastjan.in**

क्रमांक – रा.मु/2020–21/2388 दिनांक – 20.8.2020

सचिव

स्थानीय संघ

समस्त

विषय – **स्काउट गाइड सम्बल कार्यक्रम 2020 "अच्छा स्वास्थ्य और सेहत"**

अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम MOP

महोदय

उक्त विषयान्तर्गत आपका ध्यान आकर्षित कर लेख है कि MOP अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के समाजोपयोगी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ।

अच्छा स्वास्थ्य और सेहत उसका एक अहम बिन्दु है, कोरोना महामारी के चलते इस समय इसका अधिक महत्व है क्योंकि इस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से पीड़ित है और पूरी ताकत से झूझ रहा है तथा संकट और परिस्थितियों का सामना करते हुए आगे भी बढ़ रहा है । लॉक डाउन जैसी विकट स्थिति में भी आपने तथा आपके क्षेत्र के स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, वयस्क लीडर पदाधिकारियों ने ये साबित कर दिखाया है कि स्काउट गाइड संगठन सेवा के आयाम की सार्थकता को सक्रियता से पहले भी सिद्ध करता आया है और आज भी कर रहा है तथा आगे भी करता रहेगा । मान्यवर राज्य मुख्यायुक्त महोदय ने कोविड–19 में की गई सेवाओं के लिए आपकी सराहना भी की है ।

अच्छा स्वास्थ्य और सेहत पूरे प्रदेश में स्काउट गाइड सम्बल कार्यक्रम 2020 अभियान के रूप में चलाया जाना है । आपके स्थानीय संघ क्षेत्र की प्रत्येक यूनिट को इस अभियान में अपने आपको सुरक्षित रखते हुए यथा सामर्थ्य निम्नानुसार बिन्दुओं पर कार्य करने हेतु निर्देशित करें तथा किए गए कार्यो की रिपोर्ट संलग्न प्रपत्र में माह की अंतिम तिथि को आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें, ताकि आप द्वारा सम्पादित कार्यो की रिपोर्ट राष्ट्रीय मुख्यालय भिजवाई जा सके ।

(1) अवैयरनेस कार्यक्रम/जन जागृति

(2) योग–व्यायाम को प्राथमिकता

(3) कोविड वारीयर्स के प्रति सम्मान

(4) स्वास्थ्य परीक्षण

आपके क्षेत्र के यूनिट द्वारा सम्पादित कार्य की संक्षिप्त रिपोर्ट संलग्न प्रारूप में प्रत्येक माह की अंतिम तिथि तक आवश्यक रूप से भिजवायें । रिपोर्ट ऑन लाइन ई–मेल : **rajscoutguide@rajastjan.in** भिजवा सकते हैं ।

सधन्यवाद ।

भवदीय

संलग्न – उपरोक्तानुसार प्रारूप

राज्य सचिव

2389-93
20.8.2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

(1) राज्य पदाधिकारीगण

(2) सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड), समस्त

(3) सर्कल ऑर्गेनाइजर (स्काउट / गाइड), समस्त को प्रेषित कर लेख है कि उक्त कार्यक्रम की क्रियान्विति सुनिश्चित कर रिपोर्ट यथासमय भिजवायें ।

(4) सहायक प्रोग्रामर, रा.मु.जयपुर को वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित है ।

(5) संस्था प्रधान

राज्य सचिव

स्काउट गाइड सम्बल कार्यक्रम 2020

"अच्छा स्वास्थ्य और सेहत"

नाम यूनिट	कार्य	कार्य विवरण	तिथि / स्थान	संभागी	सेवा घण्टे